# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

## पावरग्रिड ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर की श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई

**गुरुग्राम:** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम ने देशभर में स्थित अपने विभिन्न प्रतिष्ठानों में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया। इस अवसर पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक) ने की, जिसमें श्री के. जी. वर्मा, पूर्व संयुक्त सचिव, (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग), पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिसके माध्यम से संगठन ने स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, सामाजिक न्याय तथा समावेशी विकास से जुड़े डॉ. अंबेडकर के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। कर्मचारियों के बच्चों के लिए भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे आने वाली पीढ़ी के बीच डॉ. अंबेडकर के आदर्शों के महत्व को और सुदृढ़ किया जा सके। समारोह में राष्ट्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर के योगदान पर विमर्श किया गया तथा विविधता को बढ़ावा देने, कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक विकास से जुड़ी संगठन की पहलों को भी रेखांकित किया गया।

31 मार्च 2026 तक, पावरग्रिड 291 सब-स्टेशनों, 1,84,960 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनों और 6,24,016 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर प्रचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन तथा डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरग्रिड 99.84% की औसत ट्रांसमिशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

**जारीकर्ता:**
**टीम कॉर्पोरेट संचार**
**हमें ट्विटर पर फॉलो करें:** *@pgcilindia*
**ई-मेल:** *powergrid.pr@powergrid.in*
*www.powergrid.in*